दिनांक: 11.07.2025 समय : 02.10PM

प्रधानमंत्री रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। वे इस अवसर पर नियुक्त युवाओं को भी संबंधित करेंगे। 16वां रोजगार मेला देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।

ग्रोथ कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में आयोजित “मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 – सिटीज ऑफ टुमॉरो” का शुभारंभ करेंगे। डॉ. यादव कॉन्क्लेव में होटल, पर्यटन, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों के प्रमुख निवेशकों से संवाद करेंगे। यह आयोजन प्रदेश में शहरी विकास के ब्लूप्रिंट और भविष्य की योजनाओं पर केंद्रित रहेगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने इन्दौर में पुण्योदय प्रकल्प कार्यक्रम में हिस्सा लिया। दोपहर में मुख्यमंत्री वृहद वृक्षारोंपण कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री कावड़ यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज उज्जैन में कावड़ यात्रा में शामिल हुए। उनके साथ में महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी और अन्य संत गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि आस्था से जुड़े सभी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाए जानें चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने यह निर्णय लिया है कि कावड़ यात्रा जिस भी मार्ग से मध्यप्रदेश में प्रवेश करे और जहां भी उसे जाना हो, हर स्थान पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं में सरकार पूर्ण सहयोग करेगी।

बाइट मुख्यमंत्री

जनसंख्या दिवस-नड्डा

आज विश्व जनसंख्या दिवस है। यह दिवस हर साल 11 जुलाई को बढ़ती जनसंख्या की चुनौतियों और अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है- मां और बच्चे के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए गर्भावस्था का स्वस्थ समय और अंतराल। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि यह दिवस परिवार नियोजन के बारे में जागरुकता बढ़ाने और जनसंख्या संबंधी चुनौतियों के समाधान में भारत के संकल्प को नया रूप देने का मंच प्रदान करता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संदेश में कहा है कि विश्व जनसंख्या दिवस जागरूक करता है कि सुरक्षित भविष्य और भावी पीढ़ियों को बेहतर दुनिया प्रदान करने के लिए हम जनसंख्या विस्फोट जैसी स्थिति से बचें।

एक राष्ट्र एक चुनाव

एक राष्ट्र एक चुनाव पर गठित संयुक्त संसदीय समिति की बैठक संसद भवन में चल रही है। 39 सदस्यों वाली इस समिति में 27 सदस्य लोकसभा के और 12 सदस्य राज्य सभा के हैं।

मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। कल 15 जिलों में जोरदार बारिश हुई। ग्वालियर और रीवा में करीब ढाई इंच वर्षा दर्ज की गई। दतिया, टीकमगढ़, सतना और छतरपुर के खजुराहो, सीधी, गुना, सागर, उमरिया, दतिया, मऊगंज, दमोह, सिवनी, मऊगंज में भी बारिश हुई। कई जिलों में लगातार बारिश से बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। नदी-नाले उफान पर हैं। सागर और सीहोर में दो कारें तेज बहाव में बह गईं। दतिया में एक ऑटो बह गया।

मौसम विभाग ने आज नर्मदापुरम, बैतूल सहित 20जिलों में अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट और 12 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

समाचार संक्षेप में .....

- शिवराज सिंह चौहान आज तमिलनाडु के कोयम्बटूर में कपास उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्री और अन्य अधिकारियों के साथ कपास की खेती पर विचार–विमर्श कर रहे हैं।
- बालाघाट में आज ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने सांदिपनी विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किये।

- परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इन्दौर में राज्य सेवा की परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग 15 जुलाई से प्रारंभ की जा रही है। पात्र अभ्यर्थी संस्था में 14 जुलाई तक पंजीयन करा सकते हैं।
- आगरमालवा जिले में आरटीआई एक्ट के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर शासकीय सेवकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन कल हुआ।
- भारत और इग्लैण्ड के बीच तीसरा क्रिकेट टेस्ट मैच लॉड्स में खेला जा राह है। आज दूसरे दिन इग्लैण्ड अपनी पहली पारी 4 विकेट पर 251 रन से आगे शुरू करेगा।